# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 10 / 24 –67 ,राँची / दिनांक: 30 / 10 / 2024

**ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024; जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 एवं बी०एससी० नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना**

भारतीय उपचर्या परिषद के अधिसूचना सं0–14 / 2024 दिनांक–28.10.2024 के द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन की अंतिम तिथि विस्तारन के मद्देनजर राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के ANM/GNM एवं B.Sc Nursing (Basic/Post-Basic) पाठ्यक्रमों के प्रथम साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरांत रिक्त बचें सीटों के विरूद्ध नामांकन की अनुशंसा हेतु द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार क्रमशः दिनांक–05.11.2024 एवं दिनांक–20.11.2024 से आयोजित की जा रही है।

2. ANM/GNM एवं B.Sc Nursing (Basic/Post-Basic) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं में उत्तीर्ण वैसे सभी अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं जो प्रथम साक्षात्कार में शामिल नहीं हुए या जिन्हें उक्त साक्षात्कार में सीट आवंटन नहीं हुआ या सीट आवंटन होने के उपरान्त भी नामांकन नहीं ले सके है।

3. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहते हैं, तो वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

4. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। नर्सिंग पाठ्यक्रमों प्रवेश परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

5. नर्सिंग पाठ्यक्रमों ANM/GNM एवं B.Sc Nursing (Basic/Post-Basic) की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

**Time Schedule for 2nd Round of Online Counselling for Nursing Courses**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 05.11.2024 |
| 2. | Online Registration, Uploading of documents and Choice Filling for seat Allotment | 05.11.2024 to 10.11.2024 |
| 3. | Editing in filled up choices if needed | 11.11.2024 |
| 4. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 13.11.2024 |
| 5. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 14.11.2024 to 18.11.2024 |

**Time Schedule for 3rd Round of Online Counselling for Nursing Courses**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 20.11.2024 |
| 2. | Online Registration, Uploading of documents and Choice Filling for seat Allotment | 20.11.2024 to 23.11.2024 |
| 3. | Editing in filled up choices if needed | 24.11.2024 |
| 4. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 26.11.2024 |
| 5. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 27.11.2024 to 30.11.2024 |

6. ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024; जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 एवं बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक/पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों/पाठ्यक्रमों में से अपने लिये पाठ्यक्रम/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2024 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

7. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

8. बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक पाठ्यक्रम की सीटों का आवंटन निम्न प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जायेगी :–

क) "ए" ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मी।

ख) अनुबंध पर झारखण्ड सरकार के अधीन कार्यरत "ए" ग्रेड नर्स।

ग) गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत "ए" ग्रेड नर्स।

**अतः बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के अभ्यर्थी को अपना सेवा प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।**

9. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

10. तृतीय साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक